# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
SENIOR SECONDARY|CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**MID-TERM EXAMINATION 2024-25**

**HINDI (085)**

Class : X — Duration : 3 **Hrs**
Date : 25.09.2024 — Max. Marks : **80**
Admission No.: — Roll No.:

---

**सामान्य निर्देश –** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए |

---

**खंड क (वस्तुपरक प्रश्न) (40 अंक)**

**प्रश्न 1 निम्न गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़िए और उपयुक्त उत्तर को चुनकर लिखिए- (1 x 5=5)**

भारत के प्राचीन विचारकों ने अच्छा नागरिक बनने के लिए कुछ नियमों का प्रावधान किया है। इन नियमों में वाणी और व्यवहार की शुद्धि कर्तव्य और अधिकार का समुचित निर्वाह शुद्धतम पारस्परिक सद्भाव और सेवा की भावना अधिनियम बहुत महत्वपूर्ण माने गए हैं।यह सभी नियम यदि एक व्यक्ति के चारित्रिक गुणों के रूप में भी अनिवार्य माने जाए तो उसका अपना जीवन सुखी और आनंदमय हो सकता है। सभी गुणों का विकास एक बालक में यदि उसकी बाल्यावस्था से ही किया जाए तो वह अपने देश का श्रेष्ठ नागरिक बन सकता है। इन गुणों के कारण वह अपने परिवार आस पड़ोस विद्यालय में अपने सहपाठियों एवं अध्यापक को के प्रति यथोचित व्यवहार कर सकेगा। वाणी एवं व्यवहार की मधुरता सभी के लिए सुखदायक होती है।समाज में हार्दिक सद्भाव की वृद्धि करती है किंतु अहंकार रहित व्यक्ति ही स्निग्ध वाणी और शिष्ट व्यवहार का प्रयोग कर सकता है। अहंकारी और दंभी व्यक्ति सदा अशिष्ट वाणी और व्यवहार का अभ्यासी होता है। जिसका परिणाम यह होता है कि ऐसे आदमी के व्यवहार से समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण नहीं बनता। जिस प्रकार एक व्यक्ति समाज में रहकर अपने व्यवहार से कर्तव्य और अधिकार के प्रति सजग रहता है।इस तरह देश के प्रति भी उसका व्यवहार कर्तव्य और अधिकार की भावना से भावित रहना चाहिए।उसका कर्तव्य हो जाता है कि न तो वह स्वयं कोई ऐसा काम करे और न ही दूसरों को करने दे। जिसमें देश के सम्मान संपत्ति और स्वाभिमान को ठेस लगे।समाज एवं देश में शांति बनाए रखने के लिए धार्मिक सहिष्णुता भी बहुत आवश्यक है। यह व्यक्ति में तभी आ सकती है जब व्यक्ति संतुलित व्यक्तित्व का हो।वह आंतरिक व बाहरी संघर्ष से परे सामाजिकता की अनुभूति से परिपूर्ण व्यक्तित्व होना चाहिए।

1 गद्यांश के अनुसार अच्छा नागरिक बनने के लिए नियमों का प्रावधान आवश्यक है क्योंकि यह

क) स्वतंत्रता को बढ़ावा देता है जिससे वातावरण को शांति से परिपूर्ण करता है।
ख) व्यक्तित्व को निखार कर जीवन को आमोद प्रमोद से परिपूर्ण करता है।
ग) व्यक्तित्व को निखार कर जीवन को सुख और मंगल कामना से परिपूर्ण करता है।
घ) व्यक्तित्व को अहंकार स्निग्ध वाणी और शिष्ट व्यवहार से परिपूर्ण करता है।

2) वाणी एवं व्यवहार की मधुरता सभी के लिए सुखदायक होती है इस कथन के लिए उपयुक्त तर्क है।

क) देश के सम्मान ,संपत्ति और स्वाभिमान को ठेस पहुंचती है।
ख) विश्व समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण नहीं बनता।
ग) कर्तव्य और अधिकार का समुचित निर्वाह बहुत आवश्यक है।
घ) समाज में हार्दिक सद्भाव की वृद्धि और सुख के प्रतिष्ठा होती है।

3) अहंकारी और दंभी व्यक्ति सदा अभ्यासी होता है।

क) अशिष्ट वाणी और व्यवहार का

ख) स्निग्ध वाणी और अशिष्ट व्यवहार का

ग) मधुर एवं अशिष्ट व्यवहार का

घ) अशिष्ट वाणी एवं व्यवहार की शुद्धि का।

4) संतुलित व्यक्तित्व से तात्पर्य है -

क) आंतरिक व बाहरी संघर्ष से संपूर्ण सामाजिकता की अनुभूति से परिपूर्ण व्यक्तित्व ।

ख) देश में पूर्णता आदर्श नागरिक का व्यवहार करने वाला सुखदायक व्यक्तित्व ।

ग) आंतरिक व बाहरी संघर्ष से रहित संपूर्ण सामाजिकता की अनुभूति से परिपूर्ण व्यक्तित्व।

घ) कर्तव्य और अधिकार के प्रत्येक सजग रहने वाला भावुक प्रवृत्ति से परिपूर्ण व्यक्तित्व।

5) निम्न कथन (À) तथा कारण (R ) को पढ़कर उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) देश में धार्मिक सहिष्णुता की आवश्यकता है।

कारण (R ) समाज एवं देश में शांति बनी रहेगी।

क) कथन ( A )तथा कारण ( R)दोनों गलत है।

ख) कथन (A)गलत है लेकिन कारण( R)सही है।

ग) कथन (A)सही है लेकिन कारण(R ) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है।

घ) कथन (A)तथा कारण (R ) दोनों सही है तथा कारण (R ) कथन (A)की सही व्याख्या करता है।

**प्रश्न 2 निम्न गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़िए और उपयुक्त उत्तर को चुनकर लिखिए- (1 x 5=5)**

आज योग केवल भारत में ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व में किया जा रहा है। आधुनिक युग में योग का महत्व बढ़ गया है ।इसके बढ़ने का कारण व्यस्तता और मन के व्यग्रता है ।यदि मनुष्य शारीरिक रूप से स्वस्थ है तो वह संसार में रहकर जीवन का सुख भोग सकता है और अपने सभी कर्तव्यों एवं मनोकामनाओं को पूर्ण कर सकता है। शरीर ही वह माध्यम है जिसके द्वारा हम अपने सभी कार्यों को संपन्न कर सकते हैं इसलिए अपने शरीर को स्वस्थ रखना हमारा प्रथम कर्तव्य है और इसके लिए हम योग का सहारा ले सकते हैं ।योग प्राचीन समय से ही भारतीय संस्कृति का अंग रहा है ।हमारे पूर्वजों ने बहुत समय पहले ही इसका आविष्कार कर इसके महत्व को पहचान लिया था इसलिए योग पद्धति सदियों बाद भी जीवित है। योग करने से व्यक्ति का शरीर सुगठित और सुडौल बनता है ।योग से न केवल तन की थकान दूर होती है बल्कि मन की थकान भी दूर हो जाती है। योग करने वाला व्यक्ति अपने अंग प्रत्यंग में नए उत्साह एवं स्पूर्ति का अनुभव करता है ।योग करने से शरीर के प्रत्येक अंग में रक्त का संचार सुचारू रूप से होता है तथा शरीर रोग मुक्त रहता है ।अतः हम सभी को एक स्वरूप जीवन जीने हेतु प्रतिदिन योग करना चाहिए।

1) मनुष्य का प्रथम कर्तव्य किसे माना गया है?

क) मन को स्वस्थ रखना ख) योग करना

ग) शरीर को स्वस्थ रखना घ) प्राचीन संस्कृति को अपनाना

2) योग करने से मनुष्य को क्या लाभ होता है

क) शरीर रोग मुक्त रहता है ख) नए उत्साह व स्फूर्ति का संचार होता है

ग) मन की थकान दूर होती है घ) उपर्युक्त सभी

3) योग प्राचीन काल से भारतीय संस्कृति का अंग रहा है । इस कथन से क्या स्पष्ट होता है ?

क ) पूर्वजों द्वारा योग का आविष्कार किया गया ख) पूर्वजों ने योग के महत्व को पहचान लिया

ग) (क) और (ख) दोनों घ ) पूर्वजों ने सिद्धांतों पर बल दिया

4) प्रस्तुत गद्यांश हमें संदेश देता है कि

क) समय के साथ-साथ योग का महत्व घटता जा रहा है

ख ) शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए ।

ग )योग उस व्यक्ति को करना चाहिए जो शारीरिक रूप से कमजोर हो ।

घ) योग प्राचीन समय से भारतीय संस्कृति का अंग रहा है।

5 ) निम्नलिखित कथन A तथा कारण R को ध्यान पूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

कथन A : आधुनिक युग में योग का महत्व स्वीकार किया जाने लगा है ।

कारण R: आधुनिक युग में व्यस्तता और मन की व्याकुलता बढ़ने लगी है।

क) कथन A तथा कारण R दोनों गलत है।

ख) कथन A गलत है गलत है लेकिन करण R सही है

ग )कथन A सही है लेकिन कारण R उसकी गलत व्याख्या करता है

घ )कथन A और कारण R दोनों सही है तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।

**प्रश्न 3) निम्नलिखित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (अंक 4)**

1 ज़ोर ज़ोर से चिल्लाने वाले तुम अब चुप क्यों हो? पदबंध छटिए ।

क जोर से चिल्लाने | ख ज़ोर ज़ोर से चिल्लाने वाले तुम

ग तुम अब चुप क्यों हो | घ अब चुप क्यों हो

2 राम **बहुत अधिक बलशाली** थे। वाक्य में रेखांकित अंश पदबंध है -

क संज्ञा पदबंध | ख सर्वनाम पदबंध

ग विशेषण पदबंध | घ क्रिया पदबंध

3 रोगी दूध पी रहा था। वाक्य में रेखांकित पदबंध बताइए -

क संज्ञा पदबंध | ख सर्वनाम पदबंध

ग क्रिया पदबंध | घ विशेषण पदबंध

4 रेखांकित वाक्यांश के आधार पर संज्ञा पदबंध पहचानिए।

1 दशरथ पुत्र राम ने रावण को मार गिराया।

2 अब पवन पुत्र हनुमान का प्रवेश हो गया है।

3 सुरेश धीरे धीरे चल रहा है।

क केवल 1 सही | ख केवल 2 सही

ग 2 और 3 सही | घ 1 और 2 सही

5 छात्र ध्यानपूर्वक सुन रहे हैं । पदबंध बताइए।

क संज्ञा पदबंध | ख सर्वनाम पदबंध

ग क्रिया पदबंध | घ क्रिया विशेषण पदबंध

**प्रश्न 4 किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (अंक 4)**

1 जब उसका हाथ उठता ही रहा तो एक दिन मास्टर साहब ने उसे टोक दिया।(वाक्य का भेद बताइए)

क सरल वाक्य | ख सयुक्त वाक्य

ग मिश्र वाक्य | घ विधानवाचक वाक्य

2 वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ़ दौड़ी। सरल वाक्य होगा ।

क जैसे ही वामीरो सचेत हुई वैसे ही वह घर की तरफ़ दौड़ी ।

ख वामीरो कुछ सचेत हुई और वह घर की तरफ़ दौड़ी ।

ग वामीरो कुछ सचेत होने पर घर की तरफ़ दौड़ी ।

घ सचेत वामीरो हुई तथा घर की तरफ़ दौड़ी ।

3 निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य पहचानिए

1 सूर्योदय के बाद चारों तरफ उजाला हो गया।

2 सुंदर वह स्पष्ट लिखो अथवा टीचर से डांट खाओ

3 मुझे घर का खाना पसंद है परंतु कभी-कभी बाहर खाना भी अच्छा लगता है।

क केवल 1 ख केवल 2

ग 1 और 2 घ 2 और 3

4 निम्नलिखित वाक्यों के भेद पहचान कर उचित विकल्प चुनिए ।

1 मैं इतना थक गया था कि चल भी नहीं पा रहा था

2 थकावट से मैं चल भी नहीं पा रहा था।

3 मैं इतना चला भी नहीं और थक गया

क 1 सरल 2 मिश्र 3 संयुक्त ख 1 सरल 2 संयुक्त 3 मिश्र

ग 1 मिश्र 2 सरल 3 संयुक्त घ 1 मिश्र 2 संयुक्त 3 सरल

5 उन्हें दुनिया का हमसे ज्यादा तजुर्बा है और रहेगा रचना के आधार पर वाक्य भेद है

क मिश्र वाक्य ख सरल वाक्य

ग संयुक्त वाक्य घ सरल तथा संयुक्त वाक्य

**प्रश्न 5 समास के आधार पर किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (अंक 4)**

1 **फलानुसार** शब्द किस समास का उदाहरण है?

क द्वंद्व समास ख तत्पुरुष समास

ग द्विगु समास घ कर्मधारय समास

2 **तिरंगा** का समास विग्रह एवं भेद होगा

क तीन में रंगा ख तीन रंग

ग तीन रंगों के समान घ तीन रंगों वाला (राष्ट्रध्वज) बहुव्रीहि समास

3 **गुरुदक्षिणा** शब्द के सही समास विग्रह का चयन कीजिए

क गुरु से दक्षिणा ( तत्पुरुष समास) ख गुरु का दक्षिणा ( तत्पुरुष समास )

ग गुरु की दक्षिणा (तत्पुरुष समास ) घ गुरु के लिए दक्षिणा (तत्पुरुष समास)

4 **परमेश्वर** समस्त पद का विग्रह होगा।

क परम और ईश्वर ख परम है जो ईश्वर

ग ईश्वर में परम घ परम के लिए ईश्वर

5 **आँचरहित** शब्द के लिए सही समास विग्रह है

क आँच से रहित ख आँच में रहित

ग रहित आँच घ आँच और रहित

**प्रश्न 6 मुहावरों पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (अंक 4)**

1 चक्कर खाना मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है।

क बेहोश होना | ख गोल घूमना
ग भ्रमित होना | घ भ्रमण करना

2 मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए।

क गिरह बांधना = मार डालना | ख तलवार खींचना = सब कुछ नष्ट करना
ग पन्ने रंगना = व्यर्थ में लिखना | घ कदम उठाना = सामना करना

3 **निराशा के बादल छटना** मुहावरे का सही अर्थ है।

क कुछ अच्छा होना | ख परेशान होना
ग उदासी दूर होना | घ दुखी हो जाना

4 ईश्वर को पाने के लिए__________ही पड़ता है।

क बेराह चलना | ख आप खोना
ग मुंह की खाना | घ लोहा मानना

5 निम्नलिखित युग्म पर विचार कीजिए।

1 सजग रहना = जागरूक होना
2 रंग दिखाना = प्रभाव दिखाना
3 दिमाग होना = बुद्धिमान होना
4 खून जालना = तिरस्कार करना

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा युग सही सुमेलित है ?

क 1 और 2 | ख 3 और 4
ग 1 और 3 | घ 2 और 4

**प्रश्न 7 पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए - (1x 5=5)**

मोर मुकुट पीतांबर सोहे गल वैजन्ती माला
बिंद्रावन में धेनु चरावे मोहन मुरलीवाला
ऊँचा ऊँचा महल बनाव बीच-बीच राखूँ बारी
साँवरिया रा दर्शन पास्युं पहन कुसुंबी साड़ी
आधी रात प्रभु दर्शन दीजिए जमुना जी रे तीराँ
मीराँ रा प्रभु गिरधर नागर हिवड़ो घणों अधीरा

1 श्री कृष्ण ने क्या पहन रखा है?

क मोतियों का हार | ख सोने का हार
ग चाँदी का हार | घ बैजंती माला का हार

2 निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान पूर्वक पढ़िए तथा काव्यांश के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए

1 श्री कृष्ण के शरीर पर पीला वस्त्र और सर पर मोर पंखों का मुकुट है।
2 कवयित्री के गले में वैजयंती माला सुंदर लग रही है
3 कवयित्री महल के बीच फुलवारी लगाना चाहती है
4 मीरा पीली साड़ी पहनकर आराध्या के दर्शन करना चाहती हैं।

क 1 और 2 | ख 2 और 3
ग 1 और 3 | घ 2 और 4

3 प्रस्तुत पद्यांश में किसका वर्णन किया गया है?

क दासी मीरा का — ख श्री कृष्ण के रूप सौंदर्य का

ग मीरा की विरह वेदना का — घ मीरा की पीड़ा का

4 मीरा श्री कृष्ण के महल के बीच में क्या बनवाना चाहती हैं?

क स्वयं के लिए घर — ख सुंदर फूलों से सजी फुलवारी

ग भव्य मंदिर — घ गाय के लिए गौशाला

5 पद्यांश के आधार पर बताइए की मीरा श्री कृष्ण से क्या निवेदन कर रही हैं?

क उसके दुख हरने का — ख भक्तों पर कृपा बनाए रखने का

ग आधी रात दर्शन देने का — घ स्वयं के लिए महल बनवाने का

**प्रश्न 8 सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए** **(अंक 2)**

1 पोथी पढ़ने से व्यक्ति पंडित क्यों नहीं बन सकता?

क) क्योंकि पोथी साधारण व्यक्ति द्वारा लिखी होती है

ख) क्योंकि पोथी ज्ञान को प्रदान करती है परंतु हमारे आचरण को नहीं बदल सकती ।

ग ) क्योंकि पंडित लोगों के मानने से बनते हैं पोथीपढ़ने से नहीं ।

घ) क्योंकि पोथी हमें अच्छा मनुष्य नहीं बनाती ।

2 वीर कर्ण ने अपनी किसी वस्तु का दान किया था?

क हड्डियों का — ख भोजन का

ग स्वमांस का — घ शारीरिक कवच कुंडलों का

**प्रश्न 9 निम्न गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए-** **(अंक 5)**

ग्वालियर में हमारा एक मकान था । उस मकान के दालान में दो रोशनदान थे ।उसमें कबूतर के एक जोड़े ने घोंसला बना लिया था ।एक बार बिल्ली ने उचक्कर दो में से एक अंडा तोड़ दिया ।मेरी माँ ने देखा तो उसे दुख हुआ। उसने स्टूल पर चढ़कर दूसरे अंडे को बचाने की कोशिश की लेकिन इस कोशिश में दूसरा अंडा उसी के हाथ से गिरकर टूट गया। कबूतर परेशानी में इधर-उधर फड़फड़ा रहे थे। उनकी आँखों में दुख देखकर मेरी माँ की आँखों में आँसू आ गए ।इस गुनाह को खुदा से माफ़ करने के लिए उसने पूरे दिन रोजा रखा दिन भर कुछ खाया पिया नहीं सिर्फ रोती रही और बार-बार नमाज पढ़-पढ़ कर खुदा से इस गलती को माफ़ करने की दुआ माँगती रही ।

1 लेखक की माँ किस बात से दुखी थी?

क घर में कबूतरों उसने घोंसला बना लिया था

ख कबूतर के दोनों अंडे टूट गए थे

ग कबूतर अंडों को छोड़कर चले गए थे

घ बिल्ली अंडों को खा गई थी

2 लेखक की माँ खुदा से किस गुनाह की माफ़ी चाहती थी ?

क पहले अंडा तोड़ने का गुनाह — ख बिल्ली को मारने का गुनाह

ग दूसरा अंडा टूट जाने का गुनाह — घ कबूतर का घोंसला तोड़ने का गुनाह

3 प्रस्तुत गद्यांश से क्या पता चलता है ?

क लेखक की माँ अत्यधिक संवेदनशील थीं — ख स्वार्थी थी

ग कमजोर थी — घ डरपोक थी

4 निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य लेखक की माँ की संवेदनशीलता दर्शाते हैं ?

1 लेखक के मकान की दलान में कबूतरों ने घोंसला बनाया

2 माँ ने स्टूल पर चढ़कर दूसरे अंडे को बचाने की कोशिश की

3 दूसरा अंडा टूटने से माँ की आंखों में आँसू आ गए

4 माँ कबूतरों के दुख से दुखी हो गई

क केवल 1 ख 2 और 3 ग केवल 4 घ 2 ,3 और 4

5 माँ की आंखों में आँसू आ गए थे क्योंकि -

क कबूतर का अंडा बिल्ली ने तोड़ दिया था।

ख कबूतर का अंडा लेखक की मां से टूट गया था।

ग लेखक की पत्नी ने कबूतर का अंडा तोड़ दिया था ।

घ कबूतर की आँखों में दुख देखकर व्यथित हो गई थी

**प्रश्न10 निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनिए (अंक 2)**

1 निम्नलिखित में से कौन से वाक्य बड़े भाई साहब पाठ से हैं ।

1 उनकी रचनाओं को समझना मेरे लिए छोटा मुँह बड़ी बात थी ।

2 तुम यूँ खेलकूद में वक्त गँवा कर पास हो जाओगे

3 हमेशा सिर पर एक नंगी तलवार सी लटकते मालूम होती ।

4 कंस चक्रवर्ती राजा था संसार के सभी महिमा उसे कर देते थे।

क केवल 1 ख 1 और 2

ग 1,2 और 3 घ सभी

2 तताँरा और वामीरो को आज पूरे द्वीप वास श्रद्धा पूर्वक क्यों याद करते हैं?

क वह उनकी मृत्यु का जिम्मेदार स्वयम को मानते हैं इसलिए

ख सभी द्वीप वास तंत्र से डरते थे इसलिए

ग सभी द्वीप का विभाजन चाहते थे इसलिए

घ उनकी मृत्यु द्वीप के लिए नया सवेरा लेकर आई इसलिए

## खंड ख वर्णनात्मक (40अंक)

**प्रश्न 11 निम्न में से किन्ही 2 प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में लिखिए (अंक 6)**

1 मीरा की रचनाओं में पूर्ण समर्पित भक्ति भावना निहित है ।अपने शब्दों में इस कथन की पुष्टि कीजिए ।

2 कबीर की साखियों से हमें क्या शिक्षा मिलती है तथा उन्हें हम जीवन में किस प्रकार अपना सकते हैं ? कबीर के साखी के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

3 जो व्यक्ति शुभ कर्म करते हैं उन्हें महान कार्यों का प्रतिफल किस प्रकार मिलता है ? मनुष्यता कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**प्रश्न 12 निम्न प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए। (अंक 6)**

1 कक्षा में प्रथम आने पर छोटे भाई के स्वभाव में क्या-क्या परिवर्तन आया ?बड़े भाई साहब पाठ के आधार पर बताइए।

2 पूरे संसार को एक परिवार के समान बताया गया है क्यों ? अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले पाठ के आधार पर बताइए।

3 वामीरो को ऐसा क्यों लगा कि तताँरा को भूल जाना ही उचित है ? तताँरा वामीरो कथा के आधार पर उत्तर दीजिए।

**प्रश्न 13 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए** **(अंक 6)**

1 हरिहर काका पाठ में कौन से तीन केंद्रों को महत्वपूर्ण बताया है और क्यों ?

2 हरिहर काका पाठ के आधार पर महंत के चरित्र पर प्रकाश डालिए |

3 अगर गाँव में मीडिया कि पहुँच होती तो क्या हरिहर काका के साथ न्याय हो पाता ? तर्क सहित उत्तर दीजिये|

**प्रश्न 14 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **(अंक 5)**

1 **गया समय फिर हाथ नहीं आता**

संकेत बिंदु - *समय ही जीवन है *दुरुपयोग से हानि *समय का सदुपयोग * उपसंहार

**2 शहरों में यातायात समस्या**

संकेत बिंदु - * यातायात के विभिन्न साधन
* थ्री व्हीलर द्वारा होने वाली असुविधाएँ
* बस सेवा और नागरिकों को होने वाली असुविधाएँ
* यातायात समस्या के निदान हेतु समाधान

3 **भारतीय किसान के कष्ट**

संकेत बिंदु - * अन्नदाता की कठिनाइयाँ * कठोर दिनचर्या * सुधार के उपाय

**प्रश्न 15** आप मंथन विष्णुपुरी के निवासी हैं | अपने घर में चोरी हो जाने की सूचना देते हुए पुलिस थाना अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए **(अंक 5)**

**अथवा**

डेंगू और मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए चिकित्सालय में अपर्याप्त चिकित्सा सुविधा की ओर ध्यान आकर्षित करने हेतु राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए ।

**प्रश्न 16** विद्यालय की विद्यालय की वित्तीय योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए विद्यालय की वित्त समिति की एक बैठक आयोजित होनी है इस संबंध में प्रधानाध्यापक की ओर से 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए। **(अंक 4)**

**अथवा**

आज मेट्रो विशेष रूप पर नहीं चलेगी इस विषय पर यात्रियों को सूचित करते हुए 60 शब्दों में सूचना लिखिए ।

**प्रश्न 17** पहाड़ी क्षेत्र में बनाए अपने होटल के लिए 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए । (अंक 3)

**अथवा**

एक कोचिंग संस्थान के लिए 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए ।

**प्रश्न 18** एक लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए जिसका अंतिम वाक्य हो मैं अपने जीवन में कई बार सफल रहा हूं और यही कारण है कि मैं सफल हुआ। (अंक 5)

**अथवा**

दसवीं कक्षा में दाखिला लेने के लिए डी.ए. वी.पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य को लगभग 80 शब्दों में ई मेल लिखिए।

समाप्त